जनपद झॉसी की सहयोगात्मक भ्रमण आख्या

1. बिशम्भर दयाल –कन्सलटेन्ट, मानव संसाधन, एम.एच 2. परमहंस कुशवाहा, पी0सी0, आरबीएसके 3. वेद प्रकाश, पी0सी0, आई0ई0सी0	दिनांक –08 एवं 10 फरवरी 2018 स्थान – जिला महिला चिकित्सालय, सी0एच0सी0 मऊरानीपुर, मोंठ, पीएमएसएमए एवं एनडीडी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मोंठ

Major findings from this visit	Intervention/Activities identified	Level of intervention
फैसेलिटी ब्राण्डिंग के अन्तर्गत स्वास्थ्य इकाई के मुख्य द्वार पर लगा बोर्ड के पीछे पुराने बोर्ड का कुछ अंश दिख रहा है।	अधीक्षक को पुराने साइनबोर्ड को पुतवाने हेतु सलाह	अधीक्षक / मु0चि0अ0 / स्टेट
प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं रखा हुआ था एवं प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं है।	यथा स्थान पर रखवाया गया	तत्काल
प्रसव कक्ष एवं भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है।	लाभार्थी को कब डिस्चार्ज किया गया दिनांक व समय अंकित करने के लिए सलाह दिया गया।	स्थानीय
प्रसव कक्ष में ड्रग ट्रे में मीजोप्रोस्टाल, अल्फामेथाइल डोपा, निफीडिपाइन, लेबेटलाल व लेबर रुम में रुम थर्मामीटर उपलब्ध नहीं है तथा स्टोर में भी दवायें उपलब्धता नहीं थी।	जिला स्तर से दवायें मंगाकर व्यवस्था कराना ।	अधीक्षक
प्रसव कक्ष में आक्सीजन सीलेण्डर खाली था। रुम से अटैच बाथरुम नहीं है। डायट रजिस्टर में डिसचार्ज भरा नहीं जा रहा है। केसशीट का अधीकाशतः केवल पहला पेज भरा जा रहा है। माह में 80–90 प्रसव का औसत है लेकिन मौके पर कोई प्रसूता वार्ड में नहीं पायी गयी।	अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि भोजन रजिस्टर में दर्ज संख्या के आधार पर ही भुगतान किया जाये एवं प्रतिदिन की कम्पाइल रिपोर्ट बनाकर माहवार वाउचर के साथ लगाई जाये।	अधीक्षक के स्तर से

आर.बी.एस.के टीम द्वारा नियमित फील्ड विजिट नहीं की जा रही है और न ही सभी बच्चों का कार्ड भरा जा रहा है। टीम को लैपटॉप दिया गया है परन्तु टीम के पास न होकर कार्यालय में रखा गया है जो मौके पर दिखाया नहीं गया। टीम के पास दवायें एवं उपकरण नहीं था। गाडी का लागबुक नहीं दिखाया गया। संविदा स्टॉफ नर्स पूजा को ब्लाक बड़ागॉव अटैच किया गया है।	आर0बी0एस0के0 टीम को निर्देश दिया गया कि लाग बुक में मीटर रीडिंग अपने सामने भरवायें। संविदा स्टॉफ नर्स पूजा को ब्लाक बड़ागॉव संबंधीकरण समाप्त करना	अधीक्षक के स्तर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी
ईडीएल की सूची प्रदर्शित नही थी।	ईडीएल लगवाना	अधीक्षक
यूपीएचएसएसपी द्वारा इन्सटाल करायी गई शिकायत पेटिका का उपयोग नहीं किया जा रहा है।	शिकायत पेटिका के शिकायतों का निस्तारण कराना।	अधीक्षक
ओरल पिल्स माला एन., सेल्बूटमॉल व आयरन सीरप नही था। दवाओं का वितरण रजिस्टर नहीं बनाया गया है।	दवाओं की व्यवस्था रजिस्टर की व्यवस्था।	अधीक्षक
कोल्ड चेन में डीपफ्रीजर की 25 जनवरी 2018 से लागबुक एवं स्टॉक रजिस्टर नहीं भरे गये। नियमित टीकाकरण की कार्ययोजना 1 वर्ष से अद्यतन नहीं की गयी है। नीडिल डिसपोजल पिट नहीं है।	प्रतिदिन का लागबुक एवं वैक्सीन वितरण उपरान्त रजिस्टर में अंकित करने हेतु सुझाव	अधीक्षक/कोल्ड चेन इन्चार्ज
एम्बुलेन्स 108 यूपी 41 जी 1152 में सिर्फ मरीजो को ढोने का कार्य रही है। उपकरण न होने बावजूद भी पीडीआर रजिस्टर में सभी कालम भरे पाये गये।	गाडी का मेन्टेनेन्स करवाना	स्टेट/जीवीके0

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0), मउरानीपुर

Major findings from this visit	Intervention/Activities identified	Level of intervention
चिकित्सालय में फैसेलिटी ब्राण्डिंग के अन्तर्गत 102 एम्बुलेंस के संबध में गलत सूचना का बोर्ड लगा है।	गलत सूचना के बोर्ड को हटाकर स्वान एडवरटाइजिंग एजेंसी से सही सूचना का बोर्ड लगवाना	अधीक्षक / मुख्य चिकित्साधिकारी / स्टेट
प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर दो चिकित्सक उपलब्ध थी। मरीजों के पूर्ण जॉच नहीं की जा रही थी। मुख्य द्वार पर कोई बैनर नहीं लगा था।	पूर्ण जॉच हेतु चिकित्सक को परामर्श दिया गया एवं दिवस का उद्देश्य बताया गया। मुख्य द्वार पर बैनर लगवाना।	तत्काल तत्काल
प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध नहीं थी। अटैच लेट्रिन नहीं है। कक्ष मे कार्यरत संविदा स्टाफ नर्स को दवाओं को बारे में पूर्ण जानकारी नही थी।	संबंधित दवाओं सहित 7 ट्रे उपलब्ध कराना एवं संविदा स्टाफ नर्स को दक्ष हेतु प्रशिक्षण कराना ।	अधीक्षक
जे0एस0वाई0, डायट, का रजिस्टर मानकानुसार भरा जा रहा है लेकिन प्रसव उपरांत महिलायें 8 घंटे ही रूक रही हैं। भुगतान 48 घंटे के हिसाब से किया जा रहा है।	चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि प्रसूताओं के रूकने के अनुसार रिकार्ड तैयार कर भुगतान कराने को कहा गया।	अधीक्षक
एम0सी0पी0 कार्ड एवं जे0एस0वाई0 भुगतान में एम0सी0टी0एस नम्बर नहीं डाले जा रहे।	चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एम0सी0टी0एस आपरेटर से 100 प्रतिशत एम0सी0टी0एस पर पोर्टल पर पंजीकरण।	चिकित्सा अधीक्षक
महिला वार्ड में भर्ती महिला लाभार्थियों या उनके परिजनों को स्टॉफ नर्स द्वारा परिवार नियोजन, स्तनपान आदि के बारे में परामर्श नहीं दिया जा रहा है।	स्टॉफ नर्स को निर्देश दिया गया कि भर्ती महिला लाभार्थियों या उनके परिजनों को परिवार नियोजन, स्तनपान आदि के बारे में परामर्श दिया जाये।	चिकित्सा अधीक्षक
जेएसवाई में 212 लाभार्थीयों को भुगतान पेण्डिंग था। रिकार्ड मानकानुसार तैयार नहीं किया जा रहा है।	मानकानुसार रिकार्ड तैयार कर भुगतान सुनिश्चित करना।	ब्लाक एकाउण्ट मैनेजर / अधीक्षक
आर.बी.एस.के टीम द्वारा सभी बच्चों का कार्ड भरा जा रहा है। टीम को लैपटॉप दिया गया है परन्तु नेट रीचार्ज नहीं कराया जा रहा है। टीम के पास दवायें नहीं थी एवं कुछ उपकरण कम पाये गये। टीम को बैठने के लिए रुम की व्यवस्था नहीं की गयी है। टीम अपना सभी सामान वाहन में रखती है।	टीम को बैठने की व्यवस्था करना तथा नेट रीचार्ज कराया जाना।	अधीक्षक

जिला महिला चिकित्सालय झॉसी–

Major findings from this visit	Intervention/Activities identified	Level of intervention
प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर दो चिकित्सक उपलब्ध थी। मरीजों के पूर्ण जॉच नहीं की जा रही थी। मुख्य द्वार पर कोई बैनर नहीं लगा था। लाभार्थियों हेतु सुक्ष्म जलपान की व्यवस्था नहीं की गयी थी।	पूर्ण जॉच हेतु चिकित्सक को परामर्श दिया गया एवं दिवस का उद्देश्य बताया गया। मुख्य द्वार पर बैनर लगवाना। प्रतिमाह 9 तारीख को सुक्ष्म जलपान सुनिश्चित कराना।	तत्काल तत्काल तत्काल
प्रसव कक्ष हेतु अलग अलग 2 रुम प्रयोग में है। एक कक्ष में 9 ट्रे उपलब्ध थी जो सभी खाली थी। जबकि हास्पिटल कार्यरत है।	हास्पिटल मैनेजर को निर्देशित किया गया कि नियमित प्रसव कक्षों को नियमित निरीक्षण कर मानकानुसार सुदृढ करायें	हास्पिटल मैनेजर/अधीक्षक
मीजोप्रोस्टाल टेबलेट, अल्फामेथाइल डोपा, निफीडिपाइन, लेबेटलाल, लेबेटलाल, ओआरएस जिंक ओरल पिल्स, माला एन. आयरन सीरप नहीं था।	दवा उपलब्ध कराना	अधीक्षक
एस.एन.सी.यू. कुल 12 रेडियेन्ट वार्मर लगे थे जिसमें से 2 खराब पड़ा था।	ठीक कराना	अधीक्षक
ए.एफ.एच.एस. क्लीनिक की स्थापित थी लेकिन काउन्सलर के पास संबंधित दवायें, उपकरण आदि सामग्री नही थी।	उपकरण एवं दवा उपलब्ध कराना	अधीक्षक
यूपीएचएसएसपी द्वारा इन्सटाल करायी गई शिकायत पेटिका का उपयोग नहीं किया जा रहा है।	शिकायत पेटिका के शिकायतों का निस्तारण कराना।	अधीक्षक

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस –

1. प्राथमिक विद्यालय आतिया तालाब, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) का मुख्य विकास अधिकारी झॉसी द्वारा उद्घाटन करके बच्चों को दवा खिलवायी गयी। मानक के अनुसार दिवस का आयोजन किया गया था।
2. बेसिक प्राइमरी यूनिट कन्या स्कूल नई बस्ती, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) में 52 के सापेक्ष 35 उपस्थित बच्चों को अपने सामने एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलायी गयी।
3. पूर्व माध्यमिक विद्यालय बराटा, बडागॉव, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) के दिन 126 के सापेक्ष 90 उपस्थित बच्चों को गोली खिलायी गयी। विफ्स की जानकारी शिक्षको को थी तथा साप्ताहिक आई.एफ.ए की गोली खिलायी जा रही है।
4. प्राथमिक विद्यालय बराटा, बडागॉव, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) के दिन समस्त बच्चों गोली खिलायी जा रही थी लेकिन प्रशिक्षित प्रधानाध्यापक पूर्व नियोजित योजना अनुसार चिकित्सीय अवकाश पर नहीं थी।
5. आंगनबाड़ी केन्द्र बराटा, प्रथम बडागॉव, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) के दिन 86 के सापेक्ष 63 उपस्थित बच्चों को गोली खिलायी गयी।
6. आंगनबाड़ी केन्द्र बराटा, द्वितीय बडागॉव, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) के दिन 102 के सापेक्ष 78 उपस्थित बच्चों को गोली खिलायी गयी।
7. आंगनबाड़ी केन्द्र बराटा, तृतीय बडागॉव, झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) के दिन 97 के सापेक्ष 50 उपस्थित बच्चों को गोली खिलायी गयी।
8. प्राथमिक विद्यालय चिरगॉव द्वितीय झॉसी– कृमि मुक्ति दिवस (एन.डी.डी) के दिन 128 के सापेक्ष 87 उपस्थित बच्चों को गोली खिलायी गयी।

मुख्य मुद्दे/समस्यायें

1. जननी सुरक्षा योजना का भुगतान का रिकार्ड मानकानुसार पूर्ण नहीं।
2. जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत दी डायट का भुगतान प्रसूताओं के रुकने के अनुसार नहीं किया जाना।
3. प्रसव कक्ष में अटैच लैट्रिन नहीं होना।
4. चिकित्साधिकारी/कार्यरत स्टाफ को एम0डी0आर0 के नये दिशा–निर्देशों की जानकारी नही होना।
5. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत दी जा रही निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा चिकित्साधिकारी/कार्यरत स्टाफ को पूर्ण की जानकारी नही तथा दिवस पर सुक्ष्म जलपान की व्यवस्था नहीं करना।
6. जिला/ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सपोर्टिव सुपरविजन की चेक लिस्टों को नियमित नहीं भरा जाना।
7. डी0पी0एम0 द्वारा टीम को अपेक्षित सहयोग नहीं प्रदान किया जाना।
8. जिला महिला चिकित्सालय झॉसी में कार्यरत हास्पिटल मैनेजर द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जाना।

मुख्य मुद्दे / समस्यायें

1. जननी सुरक्षा योजना का भुगतान का रिकार्ड मानकानुसार पूर्ण नहीं।
2. जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत दी डायट का भुगतान प्रसूताओं के रुकने के अनुसार नहीं किया जाना।
3. प्रसव कक्ष में अटैच लैट्रिन नहीं होना।
4. चिकित्साधिकारी / कार्यरत स्टाफ को एम0डी0आर0 के नये दिशा–निर्देशों की जानकारी नही होना।
5. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत दी जा रही निःशुल्क अल्ट्रासाउण्ड सुविधा चिकित्साधिकारी / कार्यरत स्टाफ को पूर्ण की जानकारी नही तथा दिवस पर सुक्ष्म जलपान की व्यवस्था नहीं करना।
6. जिला / ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सपोर्टिव सुपरविजन की चेक लिस्टों को नियमित नहीं भरा जाना।
7. डी0पी0एम0 द्वारा टीम को अपेक्षित सहयोग नहीं प्रदान किया जाना।
8. जिला महिला चिकित्सालय झॉसी में कार्यरत हास्पिटल मैनेजर द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया जाना।